सार-समाचार

स्नेह मिलन समारोह आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। लायंस क्लब प्रेरणा रतनगढ़ के तत्वावधान में आयोजित गेट टुगेदर स्नेह मिलन में शेखावाटी की रीजन 08 की 9 क्लब सहित सीकर की सभी 7 क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पधारे सदस्यों ने आगामी डिस्ट्रिक्ट चुनाव में शेखावाटी का अपना कैंडिडेट उतारने, शेखावाटी का मान सम्मान रखने पर वोट देने का विचार करने पर निर्णय लिया गया। शेखावाटी का वर्चस्व बनाए रखने की एक जुटता पर जोर दिया गया साथ ही पूरे शेखावाटी के चूरू जिला, सीकर जिला एवं झुंझुनूं जिले कीसी कल्बो को एक ही रीजन बनाने के लिए सभी ने पुर जोर प्रस्ताव रखा जल्दी ही सभी क्लब अध्यक्षों का एवं विशिष्ट गणों का एक व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाकर उनकी मीटिंग कर एक निर्णय लेने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट डॉ.जयाकांत बिंवाल ने किया। क्लब के विरेंद्र बुनकर, ओमप्रकाश चौहान, सन्दीप कन्दोई, जितेंद्र बुबना,नरेंद्र चोधरी, सुधीर शर्मा, सुनील चोटीया, सुनील तामोली, रमाकांत शर्मा, भंवरलालशर्मा, लालचंद गुर्जर,साबिर अली नजमी, पवन कन्दोई हिमाशु सराफ, रवि सरावगी, रामावतार ठठेरा, ललित पारीक, भारती मुदगल, नीलम कन्दोई, रुकमणी बुनकर, मंजूलता बिंवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए

चूरू (निसं)। निकटवर्ती गांव घंटेल के पित्तर जी की ढ्राणी स्थित त्रिनेत्र योग धाम में पारंपरिक गौर बनौरे का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज योगाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य के साथ अनेक महिलाएं लाल चुनरी थीम परिधान में नजर आई। कार्यक्रम प्रभारी योग प्रशिक्षक विनीता शर्मा के सानिध्य में गौर ईसर की सवारी निकाली गई। इस दौरान योग धाम में स्थित विभिन्न झूलों पर महिलाओं ने गीत गाए और बुजुर्ग महिलाओं से पुराने परंपरागत गीतों को सुना और सीखा। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं के लिए नियमित दिनचर्या से हटकर ऊर्जा भरने वाले होते हैं, जो उन्हें मानसिक ताकत और ऊर्जा भर देता है। महिलाएं त्रिनेत्र योगधाम पर जैविक खेती और पर्यावरण व ईको टूरिज्म के विभिन्न मॉडल देख कर बहुत खुश हुई। कार्यक्रम में विप्र महिला मंडल, नेचर पार्क नियमित योग से जुड़ी महिलाओं और अन्य ग्रामीण महिलाओं ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

25 से 31 मार्च तक अनेक कार्यक्रम होंगे

सीकर (निसं)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस 30 मार्च-2025 के उपलक्ष में जिले में 25 से 31 मार्च 2025 तक राजस्थान फेस्टिवल से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह को लेकर होने वाले विभिन्न सम्मेलन के संबंध में कार्यक्रम के अनुसार पर्यवेक्षण अधिकारी, नोडल अधिकारी नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को सायं 3 बजे से सायं 5 बजे तक महिला सम्मेलन जिला परिषद सभागार सीकर में आयोजित होगा। 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किसान सम्मेलन, 27 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन, 28 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे त सुशासन समारोह, 29 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन जिला परिषद सभागार में तथा 30 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 31 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक निवेश उत्सव आयोजित किया जायेगा।

सम्मान समारोह 26 को

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन 26 मार्च को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों, सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों को सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि समारोह में चिकित्सा विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को टीम अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं मॉ वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करने लाभान्वित करने वाले चयनित सोनोग्राफी सेंटरों को व्यक्तिगत अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

नंदीशाला में ट्यूबवेल का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। स्वामी श्रीसदानंद प्रणायी गो सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट फतेहाबाद के आर्थिक सहयोग से शहर की नंदीशाला में ट्यूबवैल का निर्माण कार्य सोमवार से शुरू किया गया है। पंडित श्रीराघव चनणिया के आचार्यत्व में रामकिशन आसोपा, लक्ष्मीनारायण बणसिया, अंजनी चोटिया, दिनेश लाहोटी द्वारा पूजा-अर्चना कर ट्यूबवैल निर्माण का कार्य शुरू किया। इस अवसर पर महेश सीमार, सांवरमल तोषावड़, मनोज जोशी, पवन पचलंगिया, अजय गार्गी, दीपक भुखरेड़िया, नंदलाल प्रजापत, रविप्रकाश इंदौरिया, देवकीनंदन सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे। समिति के मंत्री अंजनीकुमार चोटिया ने बताया कि स्वामी श्रीसदानंद द्वारा लगभग चार लाख रुपए का सहयोग प्रदान कर नंदीशाला में पानी व बिजली की समस्या का समाधान करवाया गया है। इससे पूर्व स्वामी ने पिंजरापोल गोशाला में एक चारागृह का निर्माण करवाया था, जिस पर भी लगभग सात लाख रुपए की राशि खर्च हुई थी।

रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन

सीकर (निसं)। प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की रस्साकशी प्रतियोगिता जयपुर रोड पर अरबन हाट में जिला प्रशासन द्वारा रविवार को आयोजित की गई। प्रिंट मीडिया टीम का नेतृत्व प्रेस क्लब अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी ने किया वहीं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल ने किया। प्रतियोगिता को तीन राउंड में रखा गया, कड़े मुकाबले में प्रिंट मीडिया ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को दो एक से शिकस्त दी। सभी मीडिया साथियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए एक दूसरे को बधाई दी और प्रतियोगिता के समापन पर एक साथ गायन और नृत्य करते हुए कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। जिला प्रशासन द्वारा विजेता और उपविजेता दोनों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 26 मार्च 2025 वार बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता निःशुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

समाजसेवी ने चार करोड़ दान किये

रतनगढ़ (निसं)। रत्नधरा के निवासी- कोलकात्ता प्रवासी नगर के गौरव उद्योगपति भामाशाह सुरेन्द्रकुमार, तुलसी व कमल दुगड परिवार ने महावीर सेवा सदन, शाखा जोका कोलकात्ता के उद्घाटन अवसर पर अपनी मातुश्री सोहनीदेवी दुगड की स्मृति में जन कल्याण की महती भावना से अनुप्रेरित होकर चार करोड रुपये का दान दिया।उद्घाटन अवसर पर संत गोविन्ददेव गिरी, स्वामी चिदानंद सरस्वती, भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री, पश्चिम बंगाल के परिवहन राज्यमंत्री दिलीप मंडल व सदन के संस्थापक, अध्यक्ष जे.एस. मेहता ने दुगड़ परिवार का अभिनन्दन करते हुए आभार प्रकट किया।समारोह में विजयसिंह चोरड़िया, मनोज गहलोत, रणजीत सिंह सिंधी, विनोदकुमार बागड़ोदिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

स्नेह मिलन कार्यक्रम

चूरू (निसं)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में रविवार रात्रि को हीरावत परिवार व सैनिकों का स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैनिकों ने हीरावत परिवार का भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सीईओ कर्नल संदीप पानीग्राही ने बसंत हीरावत का गुलदस्ता भेंट कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल उमेश चंद्र जोशी, कैप्टन श्रुति वंजारे, कैप्टन अर्ची, मेजर राहुल सहित बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी व जवान उपस्थित थे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने आगंतुको का आभार व्यक्त किया।

चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर देवेंद्र चौधरी ने धरना स्थल पर वार्ता की

- चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया
- सफाई व्यवस्था से असंन्तुष्ट दिखे

राजलदेसर के राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से चिकित्सालय में चिकित्सकों के रिक्त पदों को लेकर धरना दिया जा रहा है।

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर पत्रकार संघ की ओर से राजलदेसर के राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से चिकित्सालय में चिकित्सको के रिक्त पदों के लेकर पत्रकारों की ओर से धरना दिया जा रहा है। 35 वे दिन धरना स्थल पर बीकानेर संभाग के चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक देवेंद्र चौधरी ने धरना स्थल पर पत्रकारों से वार्ता की । वार्ता के दौरान उन्होंने कहा आपकी बात बिल्कुल वाजिब है यहां पर कम से कम 10 डॉक्टर होने चाहिए। क्योंकि राजलदेसर कस्बा एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीज अपना यहां पर इलाज करने के लिए आते हैं उनको चिकित्सक नहीं होने के कारण तकलीफ होती है।

धरना बिल्कुल जायज है मौके पर ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा से बातचीत करते हुए कहा आपको कम से कम इस चिकित्सालय में हर हफ्ते निरीक्षण करना चाहिए । 35 दिनों से पत्रकार धरने पर बैठे हैं आप यहां पर आकर भी गए थे लेकिन इनसे मुलाकात नहीं की यह बिल्कुल गलत है साथ ही उन्होंने कहा एक-दो दिनों के अंदर कम से कम यहां पर 3 डॉक्टरों की नियुक्ति हर हालत में की जाए नहीं तो मैं दो-तीन दिनों के बाद वापस आऊंगा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि कल ही मैं राजलदेसर आऊंगा एवं आदेश लेकर ही धरना समाप्त करवाऊँगा। इसके साथ ही संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र ने कहा कि 4 अप्रैल के बाद आपको तीन स्थाई डॉक्टर की नियुक्ति कर दी जाएगी इसके अलावा जून माह में सभी 7 पदों को भर दिया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पवन बोथरा, शंकर लाल खडोलिया, पवन मारू, केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि इस अस्पताल को 50 बेड का अस्पताल क्रमोन्नत करने की मांग की। इसके अलावा वर्तमान चिकित्सा परिसर जर्जर अवस्था में होने के कारण इसमें बरसाती पानी जाने से काफी नुकसान होता है। जिसके लिए उन्होंने कहा आपकी सभी मांगे लिख ली है अति शीघ्र चिकित्सा मंत्री एवं चिकित्सा विभाग के मुख्य सचिव को अवगत करा दी जाएगी।

लाभचंद सोनी ने कहा कि डॉक्टर अधिकारी से मिलीभगत करके यहाँ से जाते है फिर पत्रकारों पर आरोप।लगते है कि इनकी शिकायत से हटाया गया है । इस अवसर पर देवेंद्र ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई साथ ही चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा को कहा कि आपको फुल आदेश है कोई भी कर्मचारी अगर गडबड करें तो मेरे पास लिखित में भेजें कडीकार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सालय के नर्सिंग कर्मचारी को कहा मरीज के साथ अच्छा व्यवहार रखें साथ ही यूनिफॉर्म के अंदर रहे जहां तक संभव हो मरीज का इस चिकित्सा परिसर में अधिक से अधिक उपचार किया जाए क्योंकि आने वाले समय में गर्मी अधिक पड़ने वाली है।

इसीलिए पहले से ही अलर्ट रहे हैं चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा ने कहा कि जितनी कोशिश होगी उतनी की जाएगी एवं भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पवन बोथरा के अर्थक प्रयास से चिकित्सा परिसर में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा की जिस पर संयुक्त निदेशक डॉक्टर देवेंद्र ने कहा पवन बोथरा की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है साथ ही ग्रेट ईस्टर्न कंपनी के मालिक निर्मल बैद का भी आभार जताया इस अवसर पर पत्रकार संघ के सदस्य व परसनेऊ भाजपा नगर अध्यक्ष छोटूसिंह राजपुरोहित, गोपाल कृष्ण शर्मा, मोतीराम पायली, जगदीश प्रसाद प्रजापत, नौरतन नाई, जाफर खत्री, आरती कत्थक, कालूराम प्रजापत, कुसुम, बेबी प्रजापत ,भवानी शंकर, कैलाश, धर्मवीर, विनोद, कमल, चंपालाल भाटी, रणजीत कच्छावा , जाकिर, उमाशंकर दाधीच, भगवान नाथ सिद्ध, कैलाश चन्द्र, दीपाराम जाट सहित कस्बे के सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।

शेखावाटी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 28 को

सीकर (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का पंचम दीक्षांत समारोह 28 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे। मुख्य अतिथि निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज और सारस्वत अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जगदीश प्रसाद सिंघल होंगे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि पंचम दीक्षांत समारोह में 2023 और 2024 बैच के स्टूडेंट्स को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की तीन शख्सियतों को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रत्युषा 2025 का भी शुभारंभ करेंगे। 28 मार्च को शाम 4:00 बजे राज्यपाल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले तीन विद्वतजनों को शेखावाटी शिरोमणि और 10 विद्वतजनों को शेखावाटी भूषण से सम्मानित करेंगे। कुलपति प्रो. राय ने बताया कि वार्षिकोत्सव में कला, साहित्य और संस्कृति की अद्वितीय झलक देखने को मिलेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें शेखावाटी क्षेत्र की झलक और संस्कृति देखने को मिलेगी। प्रोफेसर राय ने बताया कि प्रतिदिन अपनी संस्कृति, साहित्य व कला पर आधारित अनेक ज्ञानवर्धक सत्र चर्चाओं के साथ स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी।

वीरगति स्मारक का लोकार्पण कल

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक अब वीरगति स्मारक के नाम से जाना जायेगा। आपको बता दें कि रतननगर के हीरावत परिवार के आर्थिक सौजन्य से स्मारक का जीर्णोद्धार कराया गया है। स्मारक के सामने पुणे से लाया गया 38 टन का टी-55 टैंक व जोधपुर से मंगवाई गई दुश्मनों से लोहा लेती योद्धाओं की प्रतिमा लगाई गई है। स्मारक में 55 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया है। स्मारक में देश की सुरक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए चूरू जिले के 89 शूरवीरों का स्मृति शेष वीरता की कहानी कहता नजर आएगा।

अशोक चिह्न सहित 35 फीट का स्मारक व उसमें बनी उल्टी राइफल पर रखा हेलमेट जिले के शूरवीरों के सम्मान का प्रतीक है। स्मारक के चारों ओर विभिन्न प्रजाति के फूल-पौधे व परिसर में लगाई गई हरी घास हर किसी को आकर्षित कर रही है। वीरगति स्मारक का लोकार्पण 26 मार्च को जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ दक्षिण पश्चिम कमान के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार प्रातः 9:30 बजे समारोह पूर्वक होगा। समारोह में आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश चंद्र टांडी, कलेक्टर अभिषेक सुराणा, भामाशाह बसंत हीरावत आदि उपस्थित रहेंगे।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि स्मारक का चार सितंबर 2024 को भूमि पूजन किया गया था। पत्थर से लेकर फूल-पौधे भी अलग-अलग राज्यों व जिलों से मंगवाए गए। जोधपुर से ग्लास फाइबर से निर्मित तीन शूरवीरों की मूर्तियां मंगवाई गई।

पूर्व सैनिक के सहयोग से रोहतक से मंगवाई गई विशेष क्रेन के जरिए टैंक को स्थापित किया। उन्होंने बताया कि यहां पहले बिना अशोक चिह्न के 21 फीट का स्मारक था। अब अशोक चिह्न सहित 35 फीट ऊंचा स्मारक बनाया गया है। अशोक चिह्न जयपुर से मंगवाया गया। स्मारक, स्मृति शेष व श्रद्धांजलि प्लेटफार्म बाड़मेर-जैसलमेर बॉर्डर स्थित लाखा माइंस से मंगवाए गए। स्मारक के नीचे का फर्श रूबीग्रेनाइट से बना है।

परिसर की चारदीवारी राजसमंद से मंगवाए गए ग्रेनाइट पत्थर की है। परिसर में जोधपुर से मंगवाई 8 हेरिटेज लाइट व चारदीवारी पर लैंप लाइट लगाई गई हैं। पैदल पथ जोधपुर स्टोन से तैयार हुआ है। स्मारक के बाहर दीवार पर दौसा के पत्थर पर दो कलाकृतियां बनाई गई। एक कलाकृति में कारगिल युद्ध के बाद टाइगर हिल पर कब्जा कर तिरंगा लहराते जवानों को उकेरा है।

पुलिस कल्याण संस्थान उपखंड शाखा राजगढ़ की त्रैमासिक बैठक आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। पुलिस कल्याण संस्थान उपखंड शाखा राजगढ़ की त्रैमासिक मीटिंग श्री विश्वकर्मा जी मंदिर एवं धर्मशाला रेलवे स्टेशन रोड सांखू राजगढ़ रोड पर स्थित पर सोमवार को मांगेराम जांगिड़ पुलिस उप निरीक्षक अध्यक्ष सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान उपखंड शाखा राजगढ़ द्वारा आमंत्रित की गई थी। जिसमें राजगढ़ उपखंड के साथी करीब 30 के उपस्थित मीटिंग में आए। मीटिंग की अध्यक्षता वयोवृद्ध रामू सिंह शेखावत पुलिस उप निरीक्षक द्वारा की गई।

मीटिंग में मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिहाग पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी पुलिस थाना राजगढ़ तथा शिवचंद पचार पुलिस निरीक्षक संरक्षक संस्थान रहे। विशिष्ट अतिथि सुरजाराम गहलोत हैड कांस्टेबल ड्राइवर निवासी तारानगर नव नियुक्त अध्यक्ष संस्थान तहसील तारानगर तथा प्रताप सिंह बडगूजर हैड कांस्टेबल, नवीन आगंतुक रामचंद्र चेतीवाल पुलिस उप निरीक्षक, बलवंत राम मेघवाल हैड कांस्टेबल जो अभी सेवा निवृत हुए को संस्थान में शामिल किया गया। हरपाल सिंह शयोरन हैड कांस्टेबल निवासी बारवास हरियाणा, नाथू सिंह शेखावत सहायक उप निरीक्षक निवासी जिला सीकर भी उपस्थित आए तथा उपरोक्त सभी कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और नवागंतुक तथा जिला से बाहर के जो चूरू जिला से सेवानिवृत हुए थे उनको सभी को संस्थान का दुपट्टा औढ़ा कर स्वागत किया गया। सभी उपस्थित को अध्यक्ष द्वारा होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। रमजान का महीना समाप्ति पर ईद उल जुहा पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई और सभी को भविष्य में स्वस्थ रहने संबंधी भी अध्यक्ष ने कामना की।

सेवानिवृत्त साथी भंवर लाल मीणा सहायक उप निरीक्षक निवासी राजगढ़ तथा जोगेंद्र सिंह फगेड़िया सहायक उप निरीक्षक की पुत्रवधू जवान उम्र 32 वर्ष का आकस्मिक निधन होने के कारण दोनों को आत्मिक शांति हेतु सभी मीटिंग में उपस्थित आए तथा महानुभावों ने 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उन्हें शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने हेतु प्रार्थना की। तत्पश्चात अध्यक्ष मांगेराम जांगिड़ ने संस्थान उपखंड शाखा राजगढ़ प्रारंभ होने से वर्ष 2022, 2023, 2024 वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा पेश किया और सभी उपस्थित को आरजीएचएस से मिलने वाली सुविधाओं का समय-समय पर सरकारी अस्पताल तथा आयुर्वेदिक औषधालय से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी फायदा उठाने हेतु निवेदन किया गया। सभी को अपने देशी खान-पान संबंधी ध्यान रखने हेतु अध्यक्ष ने संबोधन किया। कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है, जो शारीरिक हलचल स्वास्थ्य पर ही निर्भर करती है राजेश कुमार सिहाग पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी पुलिस थाना राजगढ़ ने अपने संबोधन में व्यक्त किया कि मेरे लायक कोई भी कार्य व्यक्तिगत या विधि सम्मत हो तो उसके लिए मैं 24 घंटा सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सादर उपस्थित रहूंगा और संस्थान के लिए सेवानिवृत्त द्वारा प्रयास किया जाकर भूमि आवंटन या कोई भूमि देखकर खरीद कर उसे पर निर्माण किया जाकर सेवानिवृत्ति के लिए अपना व्यक्तिगत भवन हो उसके लिए प्रोत्साहित किया और भवन संबंधी मेरे द्वारा जो भी सहयोग बन पाएगा उसके लिए मैं हमेशा उपस्थित रहूंगा । हमें भी 10 वर्ष बाद ईसी पंक्ति में आना है। जिसके लिए संस्थान की भूमि व भवन निर्माण हेतु प्रयास कर भूमि उपलब्ध कराने हेतु एक कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें 11 सदस्य कमेटी में अध्यक्ष मांगेराम जांगिड़ पुलिस उप निरीक्षक संस्थान राजगढ़, शिवचंद पचार पुलिस निरीक्षक संरक्षक, गोपाल राम पचार पुलिस उप निरीक्षक संरक्षक, बजरंग लाल पुलिस उप निरीक्षक, रामकिशन सुड्डा पुलिस उप निरीक्षक उपाध्यक्ष, मांगीलाल लूहानी सहायक उप निरीक्षक सचिव संस्थान, जोगेंद्र सिंह फगेड़िया सहायक उप निरीक्षक प्रतिनिधि बीकानेर रेंज, शक्ति सिंह पूनिया सहायक उप निरीक्षक, प्रताप सिंह ख्यालिया सहायक उप निरीक्षक, राम प्रसाद कोठारी हैड कांस्टेबल, महावीर सिंह मुंड हैड कांस्टेबल भीमसाना, नियुक्त किए गए।

सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारिया एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय,सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, राजीविका सहित अन्य विभागों को पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना एवं प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। जन सुनवाई में दर्ज प्रकरण, निस्तारण, ई-फाईलिंग की समीक्षा की गई तथा न्यून प्रगति वाले विभागों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम में पेयजल की आपूर्ति के लिए कंटीजेंसी प्लान तैयार करने के साथ ही हैडपम्प मरम्मत के निर्देश दिये। हीट वेब से बचाव के लिए सुरक्षा उपायो की जानकारी आमजन को देने के लिए प्रचार-प्रसार करने, अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की व्यवस्थाएं रखने, पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था, मंगला पशुधन योजना में पंजीयन प्रगति बढ़ाने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारियों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करवाने, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग को मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों के लिए पेयजल एवं छाया की व्यवस्था के निर्देश दिए।

स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

नवलगढ़, (निसं) कस्बे के महर्षि मंगलदत्त खांडल भवन में खांडल विप्र समाज की ओर से होली स्नेह मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनीदास, संत औंकारनाथ मीरणधाम, मुक्तिनाथ, संत रविनाथ, विक्रमनाथ पालवास, गोपेशाचार्य फतेहपुर, संत विश्वनाथ मीरणधाम सहित कई संतों के सानिध्य में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान खांडल विप्र समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल बोचीवाल, आरएएस पंकज शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ताराचंद, सीकर जिलाध्यक्ष नेमीचंद काछवाल, विकास शर्मा लोटिया, कैलाश चोटिया, महेश चौधुरी, पार्षद जयंती बील, मांगीलाल माटोलिया व विश्वनाथ जोशी मंचस्थ अतिथि थे। इस दौरान समाज की 75 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसके अलावा समाज के वरिष्ठजन सांवरमल सामरा, जगदीश सेवका, कैलाश चोटिया, जयंती बील का भी विशेष सम्मान किया गया। उपेंद्र शर्मा ने युवाओं को उच्च शिक्षा के बारे में प्रेरित किया। स्वामी अश्विनीदास ने कहा कि आधुनिक पढ़ाई करवाकर नौकर बनाने की प्रेरणा देते है, बच्चों को हिन्दू सनातन संस्कृति के बारे में भी पढ़ाना चाहिए। उन्होंने सभी को आपसी लड़ाई छोड़कर एकजुट होने का आ ान किया। स्कूलों में वेदों की पढ़ाई भी होनी चाहिए। बेटियों को फूल नहीं बनाए, इनको परी नहीं बनाए, इनको झांसी की रानी बनाए। इस दौरान समाज की बच्चियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

नीमकाथाना जिला बचाने की मांग को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल का सिलसिला लगातार जारी है।

पाटन (निसं)। नीमकाथाना जिला बचाने की मांग को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल का सिलसिला लगातार जारी है। आज मण्ढोली ग्राम पंचायत में 42वें दिन भी विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें बडी संख्या में लोग शामिल हुए। यह विरोध प्रदर्शन नीमकाथाना को फिर से जिला बनाने की मांग को लेकर किया गया।

धरने में सरपंच प्रतिनिधि मुरारीलाल यादव, उमेदीलाल सैन, बजरंगलाल अग्रवाल, बीरबल वर्मा, लालचंद कुमावत, बंशीधर वर्मा सहित कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान विरोध स्वरूप टायर जलाए गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

सरपंच प्रतिनिधि मुरारीलाल यादव ने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे को नजरअंदाज किया, तो यह केवल नीमकाथाना ही नहीं, बल्कि पूरे सीकर संभाग के लोगों के बीच असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यह स्थिति सरकार के लिए न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी नुकसानदेह हो सकती है। बजरंग अग्रवाल ने भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और सरकार के फैसले को अन्यायपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि नीमकाथाना जिला के निरस्तीकरण के फैसले के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है। बजरंग अग्रवाल ने यह भी कहा कि सरकार ने बिना स्पष्ट कारणों के यह निर्णय लिया और इससे जनता में गहरा असंतोष है। बीरबल शर्मा ने धरने पर बैठकर आंदोलन की मजबूती पर बल दिया।

सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित

कोलसिया, (निसं)। बड़वासी के बजरंग दल की ओर से पोस्ट आफिस के पास स्थित बालाजी मंदिर में साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम व 90वां सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रणवोच्चार, एकात्मकता मंत्र व विजय महामंत्र से हुई। इसके पश्चात 90वां सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया।

शांति पाठ व जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बजरंग दल के बड़वासी खंड संयोजक दीपक सोनी, खंड सह संयोजक शिवओम सोनी, खंड गौरक्षा प्रमुख नरेंद्र निर्वाण, खंड सुरक्षा प्रमुख आजाद गौड, खंड मिलन प्रमुख आकाश शर्मा, अशोक जांगिड़, पंकज शर्मा, लोकेश शर्मा, आशीष चांगल, मयंक चांगल, सिद्धार्थ सिंह, मनदीप सिंह सहित अनेक लोग उ